पत्रिका

**CG News: किसानों के साथ धोखाधड़ी, नकली कीटनाशकों का धंधा फल-फूल रहा**




CG News: कोंडागांव जिले में खाद बीज के बाद अब बारिश कम होने के साथ-साथ फसलों को बीमारियों से बचाने के लिए किसान जो कीटनाशक दवाएं खरीद रहे हैं, वे अक्सर नकली निकल रही हैं। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान तो हो ही रहा है, साथ ही उनकी फसल भी खराब हो रही है। यह सब कुछ प्रशासन और संबंधित विभागों की मिलीभगत की ओर इशारा हो रहा है, जो इस गंभीर समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

CG News: जांच और कार्रवाई का अभाव

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इन नकली और प्रतिबंधित दवाओं की कोई जांच नहीं हो रही है। इससे साफ पता चलता है कि यह गोरखधंधा प्रशासन और कृषि विभाग के अधिकारियों की नाक के नीचे चल रहा है। यह मिलीभगत किसानों के लिए घातक साबित हो रही है, क्योंकि वे अपनी फसल और भविष्य दोनों को लेकर चिंतित हैं।

Source: https://www.patrika.com/kondagaon-news/cg-news-farmers-are-getting-fake-pesticides-19907533